राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांक प.10(छ) ( )/ म.आ./डी एल बी/2022/ 287-319 **दिनांकः** 05-07-2022

जिला कलक्टर एवं
जिला परियोजना समन्वयक,
(इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना),
समस्त राजस्थान

विषय : इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में (IRGY-Urban) संविदा पदों को भरने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– विभाग के पत्र कमांक 32911–943 दिनांक 12.05.2022, पत्र क्रमांक 3692–3724 दिनांक 31.05.2022 एवं पत्र क्रमांक 145–177 दिनांक 16.06.2022

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के क्रम में निवेदन है कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY-Urban) के अन्तर्गत राज्य की समस्त नगरीय निकायों में स्वीकृत संविदा पदों पर कार्मिकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में वित्त विभाग की आई. डी. संख्या 102202121 दिनांक 02.05.2022 द्वारा जारी सहमति/स्वीकृति के अनुसार की जा रही संविदा कार्मिकों की नियुक्ति सम्बन्धी कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से पत्र दिनांक 16.06.2022 द्वारा आगामी आदेशों तक स्थगित की गयी थी।

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के क्रम में वित्त विभाग की आई.डी. संख्या 172200740 दिनांक 24.06.2022 के अनुसार निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते हैः–

1 विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 12.05.2022 एवं पत्र दिनांक 31.05.2022 में उल्लेखित वरिष्ठ तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता) पद को विलोपित किया जाता है। इस पद हेतु कोई संविदा नियुक्ति नहीं की जानी है।

2 विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 32307 दिनांक 12.05.2022 द्वारा इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी के लिये स्वीकृत संविदा पदों हेतु संविदा कार्मिकों को देय मानदेय निम्नानुसार संशोधित किया जाता हैः–

क्र.स.	संविदा कार्मिक का पदनाम	पूर्व में स्वीकृत मानदेय	संशोधित मानदेय राशि रूपये में प्रतिमाह
1	**कनिष्ठ तकनीकी सहायक**	30000.00	20000.00
2	**लेखा सहायक**	25000.00	12000.00
3	**एम.आइ.एस. मैनेजर**	25000.00	12000.00
4	**शहरी रोजगार सहायक**	15000.00	7500.00

5	मशीन विथ मैन	10000.00	8200.00
6	मल्टी टॉस्क वर्कर/होमगार्ड	8000.00	7000.00

उपरोक्त संशोधनो के अतिरिक्त समस्त शर्तें विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 12.05.2022 एवं पत्र दिनांक 31.05.2022 के अनुसार यथावत रहेंगी।

इसके साथ ही यह निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त संशोधनों के अनुसार संविदा भर्ती हेतु शीघ्र संशोधित विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किये जावें एवं जिन आवेदकों ने पूर्व में आवेदन कर दिया है उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है इस हेतु स्पष्ट उल्लेख विज्ञापन में किया जावे।

संविदा भर्ती हेतु जारी किये जाने वाले संशोधित विज्ञापन में बिन्दु संख्या 2 के अनुसार संशोधित मानदेय का उल्लेख आवश्यक रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

चूंकि वरिष्ठ तकनीकी सहायक का पद विलोपित किया जा चुका है। अतः पूर्व में इस पद हेतु प्राप्त आवेदनों को निरस्त माना जावे एवं इस बाबत् स्पष्ट उल्लेख संशोधित विज्ञापन में किया जावे।

यह स्वीकृति वित्त विभाग की आई.डी. संख्या 172200740 दिनांक 24.06.2022 द्वारा प्रदत्त सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

(ह्रदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक प.10(छ) ( )/ भ.आ./डी एल बी/2022/ 320-1168 **दिनांकः** 05-07-2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1 प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2 विशिष्ठ सहायक/निजी सचिव, माननीय मंत्री/राज्यमंत्रीगण (समस्त), राजस्थान सरकार, जयपुर।
3 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव (समस्त), राजस्थान सरकार, जयपुर।
4 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त/आयोजना विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6 निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7 निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, वित्त (व्यय-3) विभाग, राज. जयपुर।
8 निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
9 निजी सचिव, विभागाध्यक्ष (समस्त), राज. सरकार, जयपुर।
10 संभागीय आयुक्त (समस्त), राजस्थान।
11 उप निदेशक (क्षैत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग (समस्त)।
12 महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिकाएं (समस्त), राजस्थान।
13 आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद/पालिकाएं (समस्त), राजस्थान।
14 समस्त अधिकारीगण, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
15 संयुक्त निदेशक (जनसम्पर्क),निदेशालय को प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीड़िया में प्रकाशन करवाने हेतु पालनार्थ।
16 एनलालिस्ट कम प्रोग्रामर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु पालनार्थ।
17 रक्षित पत्र

(ह्रदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव